पाठ–11

महामानव

– अनवार आलम

इस कहानी के द्वारा महापुरुषों की पहचान बताने का प्रयास किया गया है। महापुरुष चमत्कार या अलौकिक कार्यों के करने से ही नहीं बनते बल्कि वे अपने जीवन में आनेवाले छोटे–छोटे अवसरों पर किए गए कार्यों से अपनी महानता स्थापित करते हैं। इस पाठ में हजरत मोहम्मद की महानता का प्रसंग पढ़ो।

इस पाठ में हम सीखेंगे– क्रिया शब्द, विशेषण से संज्ञा शब्द बनाना, पुनरुक्त शब्दों का प्रयोग, उत्तर पढ़कर उन पर प्रश्न बनाना, विलोम शब्द।

आज से लगभग चौदह सौ साल पहले की बात है। अरब के नखलिस्तान में एक गरीब बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी। बहुत–सी लकड़ियाँ इकट्ठी हो जाने पर उसने उनका एक गट्ठा बना लिया। गट्ठा काफी वजनी था। निरंतर प्रयत्नों के बाद भी उस गट्ठे को बुढ़िया अपने सिर पर नहीं उठा पाई। हताश होकर सहायता के लिए इधर–उधर देखने लगी किन्तु उसे दूर–दूर तक कोई नज़र नहीं आया। लंबे समय के पश्चात् सामने से एक अजनबी आता हुआ दिखाई दिया।

बुढ़िया ने उसे सहायता के लिए पुकारा, ''बेटा! जरा हाथ लगाकर यह गट्ठा मेरे सिर पर रख दे। लकड़ियाँ अधिक हो गई हैं जिसके कारण मैं अकेली इसे उठा नहीं पा रही हूँ। मेरी सहायता कर। अल्लाह तेरा भला करेगा।''

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''अम्माँ! तू तो बहुत कमजोर है; इतना बड़ा गट्ठा कैसे उठा पाएगी? मैं भी शहर की ओर जा रहा हूँ; ला, इसे मैं उठा लेता हूँ। '' बुढ़िया के बार–बार मना करने पर भी राहगीर ने लकड़ियों का गट्ठा अपने कंधे पर उठा लिया और बुढ़िया के साथ–साथ चलने लगा। बुढ़िया उसे दुआएँ देने लगी, "बेटा! अल्लाह तुझे इस उपकार का फल अवश्य देगा।''

राहगीर ने विनम्रता से कहा, ''अम्माँ! इसमें उपकार की क्या बात है? यह तो हमारा मानवीय कर्त्तव्य है कि हम बूढ़े, कमजोर और लाचार लोगों की सहायता करें। कर्त्तव्य को उपकार कहकर मुझे शर्मिंदा मत कर।''

शिक्षण–संकेत– महान् व्यक्तियों के जीवन–चरित पढ़ने, जानने पर एक बात अवश्य स्पष्ट होती है कि जो व्यक्ति जितना महान् होता है वह उतना ही सरल होता है। उसके व्यक्तित्व में उतनी ही सादगी होती है। राम, कृष्ण या ईसामसीह से लेकर ईश्वरचंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी या हमारे पूर्व राष्ट्रपति कलाम। सभी के व्यक्तित्व में सादगी और व्यवहार में सरलता मिलती है। इनके व्यक्तित्व के इन गुणों की चर्चा करते हुए इस पाठ का अध्यापन करें। अन्य महापुरुषों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का भी उल्लेख करें।

राहगीर की बातें सुनकर बुढ़िया गद्‌गद् हो उठी। उसने ममता भरे स्वर में कहा, ''तुम बहुत भले आदमी हो। तुम्हारे विचार कितने अच्छे हैं। बेटा! तुम इस शहर के रहनेवाले नहीं लगते। क्या कहीं बाहर से आए हो?''

राहगीर ने उत्तर दिया, "हाँ अम्मा! अभी कुछ दिन पहले ही इस शहर में आया हूँ।"

"बेटा! तुम इस शहर में नए हो, शायद तुम्हें मालूम नहीं होगा, आजकल हमारे शहर में एक जादूगर आया हुआ है, जो बड़ा खतरनाक है। लोग कहते हैं उसने यहाँ के बहुत–से लोगों को अपने कब्जे में कर लिया है। तुम बड़े भले और दयावान व्यक्ति हो, इसलिए मैं तुम्हें सचेत कर रही हूँ। उस जादूगर से बचकर रहना। कहीं वह तुम्हें भी अपना गुलाम न बना ले।"

''अम्माँ! क्या तूने उसे देखा है'', राहगीर ने विनम्रतापूर्वक उस बुढ़िया से पूछा। बुढ़िया ने कहा, ''नहीं, मैंने उसे नहीं देखा, लेकिन लोगों से उसके बारे में बहुत सुना है।'' बुढ़िया अपनी धुन में कहती चली जा रही थी। ''जानते हो उस जादूगर का नाम क्या है?'' राहगीर ने कहा, "नहीं, मुझे नहीं मालूम।" बुढ़िया ने बताया, ''उसका नाम मोहम्मद है। वह एक बहुत बड़ा जादूगर है; उससे जो भी मिलता है, वह उसका गुलाम बन जाता है। तुम उससे हमेशा बचकर रहना।'' राहगीर शांत मन से उसकी बातें सुनता रहा।

इस तरह बातें करते–करते वे दोनों शहर तक आ गए। शहर में चारों ओर बड़ी चहल–पहल थी। राहगीर अपने कंधे पर लकड़ी का गट्‌ठा उठाए चुपचाप उस बुढ़िया के साथ चल रहा था। रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे। चलते–चलते एक मोड़ पर बुढ़िया का घर आ गया। बुढ़िया ने कहा, ''बस वो सामनेवाला ही मेरा मकान है।'' राहगीर ने मकान के सामने लकड़ी का गट्‌ठा उतार दिया और बुढ़िया से जाने की अनुमति माँगी।

बुढ़िया ने उस सहायता करनेवाले, दयालु राहगीर को ढेर सारी दुआएँ देते हुए कहा, ''मैं भी कितनी मूर्ख हूँ। इतना लंबा रास्ता तय कर लिया, सारी बातें कर लीं, लेकिन अब तक तुम्हारा नाम नहीं पूछा। बेटा! जाते–जाते अपना नाम बताते जाओ।"

राहगीर ने मुस्कराते हुए कहा, ''रहने दे अम्माँ! मेरा नाम जानकर क्या करेगी? मेरा नाम सुनकर तेरा विश्वास टूट जाएगा।'' बुढ़िया ने हठ करते हुए कहा, ''नहीं, तुम्हें अपना नाम बतलाना ही पड़ेगा।'' बुढ़िया के बहुत आग्रह करने पर राहगीर ने कहा, ''तो सुन, मेरा ही नाम मोहम्मद है। मैं वही आदमी हूँ जिसे तू जादूगर, निर्दयी और न जाने क्या–क्या समझती है।''

इतना सुनते ही बुढ़िया अवाक् रह गई। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि यह सब क्या हो गया। जिसे वह क्या समझती थी, वह क्या निकला? लज्जा से उसका मस्तक झुक गया। वह राहगीर से क्षमा–याचना करने लगी।

राहगीर ने उसे सांत्वना देते हुए कहा, "अम्माँ! अज्ञानतावश कही गई बातों पर लज्जित होने की आवश्यकता नहीं है। अल्लाह बहुत बड़ा है। उस पर विश्वास कर, वो ही क्षमा करने वाला है। वह बड़ा रहमदिल है, सबका पालनेवाला है। उस पर भरोसा रख।'' इतना कहते हुए राहगीर आगे बढ़ गया।

बुढ़िया उसे श्रद्धा और स्नेह भरी निगाहों से अपलक देखती रही। उसे क्या मालूम था कि उसकी सहायता करनेवाले और कोई नहीं स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्त्तक हज़रत मोहम्मद थे। वह लज्जा और पश्चाताप की पीड़ा से तड़प उठी और अल्लाह से क्षमा–याचना करने लगी।

शब्दार्थ

यहाँ कुछ शब्दों के अर्थ नहीं लिखे गए हैं। नीचे बने कोष्ठक में से उनके अर्थ चुनकर शब्दों के सामने लिखो।

(बोल न पाना, अनजान या बिना जान पहचानवाला, बिना पलक झपकाए)

हताश	–	निराश	राहगीर	–	रास्ते पर चलनेवाला व्यक्ति
सांत्वना	–	दिलासा	अजनबी	–	.....
अवाक	–	.....	अपलक	–	.....
रहमदिल	–	दयालु	प्रवर्त्तक	–	आरंभ करनेवाला

टिप्पणीः **नखलिस्तान–** मरुस्थली प्रदेश में स्थित हरा–भरा स्थल जहाँ पेड़–पौधे उगते हैं।

प्रश्न और अभ्यास

प्रश्न 1. नखलिस्तान में गरीब बुढ़िया क्या कर रही थी ?

प्रश्न 2. बुढ़िया की सहायता करनेवाला कौन था ?

प्रश्न 3. बुढ़िया गट्ठा सिर पर क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

प्रश्न 4. बुढ़िया राहगीर के बारे में पहले से जानती तो क्या वह उसकी सहायता लेती? यदि हाँ तो क्यों और नहीं तो क्यों ?

प्रश्न 5. राहगीर ने लकड़ी का गट्ठा क्यों उठाया ?

प्रश्न 6. बुढ़िया ने राहगीर से कहा, "बेटा! अल्लाह तुम्हें इस उपकार का फल अवश्य देगा! बुढ़िया किस उपकार की बात कह रही थी?

प्रश्न 7. बुढ़िया ने राहगीर से किससे बचकर रहने के लिए कहा और क्यों?

प्रश्न 8. लेखक ने राहगीर को किन गुणों के कारण महामानव कहा है?

प्रश्न 9. "रास्ता चलनेवाले अचरज में डूबे कभी उस बुढ़िया को तो कभी उस राहगीर को देखने लगे।" रास्ता चलनेवाले अचरज से उन्हें क्यों देख रहे थे?

भाषातत्व और व्याकरण

गतिविधि

- कक्षा को दो समूहों में बाँटकर दोनों समूहों से परस्पर शब्दों के अर्थ पूछने व उन्हें वाक्यों में प्रयोग करने की गतिविधि कराएँ।

प्रश्न 1. 'बुढ़िया' की जगह अगर 'बूढ़ा' हो तो लिखो कि क्या बदलाव होगा? पाठ से ऐसे पाँच वाक्य चुनकर बदलो। उदाहरण देखो–

पाठ में क्या वाक्य था?	बदलकर क्या वाक्य बना
बुढ़िया घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रही थी।	बूढ़ा घर में जलाने के लिए सूखी लकड़ियाँ चुन रहा था।

- इन वाक्यों को पढ़ो–

  रोटी गरम है, कैसे खाऊँ?

  उफ! कितनी गरमी है, जरा हवा तो कर दो।

  ऊपर के पहले वाक्य में 'गरम' शब्द का प्रयोग है और दूसरे वाक्य में 'गरमी' का। 'गरम' से ही 'गरमी' शब्द बना है। पहले वाक्य में 'गरम' शब्द विशेषण है जो 'रोटी' की विशेषता बता रहा है। दूसरे वाक्य में 'गरमी' संज्ञा शब्द है।

प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों में 'उपयोग' संज्ञा और 'उपयोगी' विशेषण है। इसी प्रकार इन शब्दों में से संज्ञा और विशेषण छाँटकर लिखो–

उपयोग, परिश्रमी, किसानी, किसान, उपयोगी, परिश्रम,।

प्रश्न 3. इसी प्रकार नीचे लिखे शब्दों से संज्ञा शब्द बनाओ और उन्हें अलग–अलग वाक्यों में प्रयोग करो।

बहादुर, सर्द, खराब, नरम।

समझो

- 'कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।' इस वाक्य में 'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा है। अब इस वाक्य को पढ़ो–

  कश्मीरी सेव बहुत प्रसिद्ध हैं।

  'कश्मीर' व्यक्तिवाचक संज्ञा से 'कश्मीरी' विशेषण बना है।

प्रश्न 4. इन व्यक्तिवाचक संज्ञाओं से विशेषण बनाओ। जयपुर, बिहार, इस्लाम, छत्तीसगढ़, जगदलपुर।

प्रश्न 5. पाठ में आए निम्नलिखित पुनरुक्त शब्दों को समझो और उनसे एक–एक वाक्य बनाओ।

दूर–दूर, साथ–साथ, करते–करते, चलते–चलते, बार–बार, जाते–जाते।

प्रश्न 6. नीचे कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। इन उत्तरों के प्रश्न क्या होंगे? लिखो।

प्रश्न	उत्तर
.....	मैं घर जा रहा हूँ।
.....	हां मुझे भूख लगी है।
.....	मेरे एक भाई और एक बहिन है।
.....	हम बस से बस्तर जाएँगे।
.....	मेरे पास तुम्हारी किताब नहीं है।
.....	हां मैने हाथ धो लिए हैं।

- शब्द के पहले 'अ' लगाकर शब्द का विलोम बनाया जाता है, जैसे पलक–अपलक।

प्रश्न 7. (क) निम्नलिखित शब्दों में से वे शब्द चुनकर लिखो जिनमें 'अ' इस अर्थ में न लगा हो– असहयोग, असहाय, अलग, अर्थात्, अलौकिक, अनेक।

(ख) ऐसे ही दोनों प्रकार के दो–दो शब्द खोजो और लिखो।

रचना

- इस पाठ में जादूगर के बारे में जो बातें बुढ़िया ने कही, वे सब अफवाहों से सुनी–सुनाई थीं। अफवाहों से प्रायः लोगों में गलत प्रचार होता है। ऐसी किसी एक अफवाह के संबंध में लिखो।

5DA6F3

- तुम्हारे गाँव में या आस–पास ऐसा कोई व्यक्ति है जो दूसरों की भलाई के काम करता हो उसके बारे में जानकारी एकत्रित कर लिखो।